बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

विज्ञापन संख्या– 07/2022, सहायक प्राध्यापक (कम्प्यूटर साईंस एण्ड इंजीनियरिंग) के अंतर्गत लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा का कार्यक्रम

राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक (कम्प्यूटर साईंस एण्ड इंजीनियरिंग) के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या– 07/2022 के लिए लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा पटना अवस्थित परीक्षा केन्द्रों पर निम्नांकित कार्यक्रमानुसार आयोजित की जाएगी :–

विज्ञापन संख्या एवं विषय	परीक्षा की तिथि	समय
07/2022 (कम्प्यूटर साईंस एण्ड इंजी॰)	26.05.2023	12:00 बजे मध्याह्न से 02:00 बजे अपराह्न तक

इस विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को औपबंधिक रूप से अर्हित मानते हुए लिखित परीक्षा में शामिल कराया जा रहा है। प्रवेश पत्र निर्गत होने एवं लिखित परीक्षा/साक्षात्कार में शामिल होने मात्र से किसी भी उम्मीदवार की अर्हता/पात्रता सम्पुष्ट नहीं होती है। विज्ञापन की कंडिका– 10 के आलोक में उम्मीदवारों की अर्हता/ पात्रता के संबंध में उनके द्वारा साक्षात्कार के समय प्रस्तुत प्रमाण पत्रों/कागजातों के आधार पर आयोग विज्ञापन में अंकित शर्त्तों के आलोक में अंतिम निर्णय लेगा।

उम्मीदवार द्वारा ऑनलाईन आवेदन में की गई प्रविष्टि एवं उससे संबंधित कागजात में किसी भी प्रकार के भिन्नता रहने/पाये जाने या आयोग द्वारा किसी भी स्तर पर उनकी अभ्यर्थिता से संबंधित जाँच के क्रम में विज्ञापन की शर्त्तों को पूरा नहीं किए जाने/वांछित प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में उनकी अभ्यर्थिता रद्द करने के लिए आयोग स्वतंत्र होगा एवं आयोग का उक्त निर्णय सर्वमान्य होगा।

2. उक्त लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा के लिए ई–प्रवेश पत्र (e-Admit Card) आयोग के वेबसाईट– www.onlinebpsc.bih.gov.in अथवा www.bpsc.bih.nic.in पर परीक्षा प्रारम्भ होने की निर्धारित तिथि के एक सप्ताह पूर्व उपलब्ध रहेंगे, जिसे उम्मीदवार अपना User Id & Password (जो इस विज्ञापन के ऑनलाईन फॉर्म भरते समय उम्मीदवारों को मिला था) डालकर डाउनलोड कर परीक्षा में शामिल होना सुनिश्चित करेंगे। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र डाउनलोड करने हेतु अंतिम दिन का इंतजार नहीं करेंगे।

उम्मीदवारों को किसी भी स्थिति में डाक (By Post) से प्रवेश पत्र (Admit Card) नहीं भेजे जाएगें।

21/5/23

परीक्षा नियंत्रक
बिहार लोक सेवा आयोग,पटना।